बी सी में आपके बच्चे के विद्यालय के बारे में अधिक जानने के तरीके

माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे विद्यालय में सफलता प्राप्त करें। आप अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में निम्न प्रकार से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

- अपने बच्चे से बात करके कि वह क्या अनुभव कर रहा है।
- आपके बच्चे के विद्यालय में मल्टीकल्चरल वर्कर तथा/अथवा सैटलमेंट वर्कर से बातचीत करके।
- अगर आपको अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में कुछ चिंता हैं तो अपने बच्चे के शिक्षक से बातचीत करके।
- विद्यालय के बारे में जानकारी लेने के लिए प्रधानाचार्य या उप प्रधानाचार्य से मिलना।
- विद्यालय में अभिभावक परामर्शदात्री समिति (Parent Advisory Council) में जाना तथा अन्य अभिभावकों से मिलना।

विद्यालय एवं शिक्षक, अभिभावकों द्वारा प्रश्न पूछने की आशा करते हैं।

साहित्यिक चोरी

प्रत्येक शिक्षा प्रणाली के अपने अलग नियम होते हैं कि किसी अन्य व्यक्ति के शब्दों तथा/अथवा विचारों को किस सीमा तक छात्रों द्वारा उनके स्वयं के कार्य में उपयोग करने की अनुमति है। इस नीति से संबंधित नियमों के बारे में अपने बच्चे के शिक्षक से बात करें।

VSB

"New Country; New School System"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

नया देश नई शिक्षा प्रणाली।

बीसी में स्कूलों के बारे में अधिक जानें।

बीसी में विद्यालय

16 वर्ष तक की आयु तक विद्यालयों में उपस्थिति अनिवार्य है, तथा छात्रों से विद्यालय व कक्षा में समय पर आने की आशा की जाती है।

गृहकार्य स्कूल जीवन का हिस्सा है और छात्रों से आशा की जाती है कि वे शिक्षकों द्वारा दिए गए कार्य को पूरा करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया गृहकार्य पर ब्रोशर को देखें।

जैसे-जैसे छात्र बड़े होते हैं, यह आशा की जाती है कि वे अपनी शिक्षा के मामले में ज्यादा जिम्मेदारी स्वीकार करें। इसमें नियमित समीक्षा और सामग्री का पूर्व-अध्ययन शामिल हैं।

बीसी की कक्षाओं में ज्ञान अर्जन अनेक तरीकों से होता है।

- *समूहों में तथा व्यक्तिगत रूप से कार्य करते हुए*
- *छात्रों द्वारा अन्य छात्रों तथा शिक्षकों के साथ बातचीत करना व विचारों को बांटना;*
- *नाटक तथा कला;*
- *गेम* खेलना;
- *गाना गाना तथा संगीत;*
- *पृथक रूप से या समूह में जानकारी प्राप्त करना।*

याद करना, ज्ञान अर्जन के तरीकों में से केवल एक है।

बीसी में, शिक्षक छात्रों के स्वतंत्र विचारक बनना सीखने को अत्यधिक महत्व देते हैं।

फील्ड स्टडी एवं विद्यालय से बाहर सीखने के अनुभव, विद्यालय जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग हैं।

व्यक्तिगत योजना तथा पारिवारिक जीवन शिक्षा, पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग है।

बालकों और बालिकाओं दोनों के लिए ही शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम का भाग है। अनेक विद्यालयों में, बालक एवं बालिकाएं एक ही शारीरिक शिक्षा कक्षा में होते हैं।

सभी शिक्षा अर्जित करने वाले छात्रों के लिए स्वास्थप्रद भोजन तथा रोजाना शारीरिक क्रियाओं की सिफारिश शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई है।

भाषा सीखने तथा उसके उच्चारण पर अन्य अंग्रेज़ी बोलने वाले छात्रों के साथ बातचीत करने के अवसर (उदाहरण के लिए संगीत टोला (क्वायर) तथा शिक्षा से गतिविधियों का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

शिक्षकों एवं छात्रों के बीच रिश्ता अनौपचारिक हो सकता है। कुछ शिक्षक इस बात को वरीयता देते हैं कि छात्र उन्हें उनके प्रथम नाम से बुलाएं। अन्य शिक्षक कुछ अधिक औपचारिकता बरतते हैं।